2/25/26, 12:28 PM

VAMR-JLN00D5/2/2026-JLNR-AMR

25/02/26 Email sent

1/787353/202

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद अमरोहा) के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 12–02–2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 12.02.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे जनपद **अमरोहा** मे जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा मे उपस्थिति निम्नानुसार रही–

- मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
- इ0 चन्द्रहास, अधिशासी अभियन्ता ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री शहरोज आरिफ, सहायक अभियन्ता (SWSM), ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री सर्वेश राय, फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–जेवी, मुरादाबाद।
- श्री सत्येन्द्र यादव, पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली।
- श्री फैजान, डी0पी0एम0 मै0 एल0सी0 इन्फ्रा।
- श्री प्रभाकर, डी.सी., डी.पी.एम.यू0 अमरोहा।
- श्री अरविन्द वर्मा, टी.पी.आई अमरोहा।

**समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–**

1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–

**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 312 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई है व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी है तथा 187 नग के सापेक्ष 187 नग (312 राजस्व ग्राम) डी0पी0आर0 के कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके है।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 184 योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 184 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमे 184 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 1326.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक दिनांक 21.01.2026 तक 1307.50 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 12.02.2026 तक 1307.50 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। लगभग 22 दिवस में वितरण प्रणाली का कार्य नही किया गया है, जोकि अत्यन्त खेदजनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 मार्च 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 90504 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 87212 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 87322 गृह जल संयोजन किये गये है। लगभग 22 दिवस मे 110 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं (लगभग 05 नग प्रतिदिन), जो अत्यन्त कम हैं। अवशेष गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 मार्च, 2026 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 187 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 86 नग OHT के कार्य पूर्ण थे, वर्तमान मे 86 नग OHT Complete व 96 नग पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार 22 दिवस मे कोई OHT पूर्ण नही किया गया है। 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत पूर्ण 21 नग ओ.एच.टी. मे से कोई ओ0एच0टी0 पूर्ण नही किये गये, जोकि अत्यन्त खेद जनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि 20 मार्च 2026 तक 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक 21 नग ओ.एच.टी. मे से 50 प्रतिशत का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे।
- गत बैठक तक 181 नग पम्प हाउस पूर्ण थे, 02 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान मे 181 पम्प हाउस पूर्ण व 02 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 22 दिवस मे फर्म द्वारा कोई पम्प हाउस का कार्य पूर्ण नही किया गया है। दिनांक 20 मार्च 2026 तक अवशेष पम्प हाउस के सभी कार्य पूर्ण करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया।
- गत बैठक दिनांक 21.01.2026 तक 103 के सापेक्ष 90 सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। वर्तमान तक 90 सोलर पैनल का कार्य पूर्ण है एवं एक योजना के कार्य प्रगति पर है। फर्म को

Scanned with CamScanner

गत बैठक में समस्त कार्य माह फरवरी 2026 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। अधोहस्ताक्षरी
द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि सोलर पैनल के कार्यो मे प्रगति बढाते हुए सोलर पैनल के समस्त
कार्य 20 मार्च 2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

➢ फर्म के प्रतिनिधि श्री सर्वेश राय द्वारा अवगत कराया गया है कि नगरीय क्षेत्र अमरोहा के ग्राम
दाउद सराय पेयजल योजना पूर्ण हो गयी है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त
योजना को नगर पालिका अमरोहा को हस्तगत करने की कार्यवाही की जाये एवं 90 प्रतिशत पूर्ण
11 नग पेयजल योजनाओ मे से 05 पेयजल योजनाओ को 15.03.2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

2– **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 एल0सी0 इन्फ्रा**

➢ फर्म को आवंटित 05 नग राजस्व ग्राम, 05 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई है व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओ हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।

➢ गत बैठक में फर्म द्वारा सभी 05 नलकूप का कार्य पूर्ण किया था।

➢ 31.00 कि0मी0 के सापेक्ष 28.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए है।

➢ 1990 नग के सापेक्ष 1465 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।

➢ 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 01 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण एवं 03 का कार्य प्रगति पर है।

➢ अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री फैजान फारूकी को निर्देशित किया गया कि प्रगति संतोषजनक नहीं है एवं टाईम लाइन के विपरीत है। 02 पेयजल योजना के समस्त कार्य 15.03.2026 तक पूर्ण करते हुये अपनी चार पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

➢ जिन योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण हो गये है, उनमें ऑटोमेशन–इन्टीग्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

➢ फर्म के प्रतिनिधि श्री फैजान फारूकी द्वारा अवगत कराया गया है कि नगरीय क्षेत्र अमरोहा के ग्राम रामपुर घना पेयजल योजना पूर्ण हो गयी है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त योजना को नगर पालिका अमरोहा को हस्तगत करने की कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया।

3– **जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज:–**

**मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) न्यू देहली :–**

➢ फर्म को आवंटित 567 नग राजस्व ग्राम, 303 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं एवं स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओ हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।

➢ वर्तमान तक फर्म द्वारा 303 योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 305 नलकूप के सापेक्ष 303 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 303 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।

➢ कुल लक्षित 2486.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक तक 2453.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 12.02.2026 तक 2453.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये है। 22 दिवस में वितरण प्रणाली का कोई कार्य नहीं किया गया है, जो अत्यन्त खेदजनक है। टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 मार्च 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

➢ गत बैठक तक 154414 नग गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान मे 154422 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 22 दिवस मे गृह जल संयोजन का कोई कार्य नहीं किया गया है, जो अत्यन्त खेदजनक है। फर्म को निर्देशित किया गया कि अवशेष गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 मार्च, 2026 तक पूर्ण कराया जाए।

➢ गत बैठक तक 169 नग OHT के कार्य प्रगति पर एवं 122 नग अपर जलाशय पूर्ण थे। वर्तमान में 174 OHT पर कार्य प्रगति पर है, 123 नग OHT का कार्य पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये हैं, उन


Scanned with CamScanner

योजनाओं को 20 मार्च, 2026 तक एवं 10 पेयजल योजनाओं के मोटरेबल रोड को पाइप लाइन की हाईड्रोटैस्टिंग कराकर स्थायी रूप से पुर्नस्थापित कराना सुनिश्चित करें।

> गत बैठक तक 267 के सापेक्ष 233 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण था, वर्तमान में 233 पूर्ण है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि माह मार्च 2026 तक अपनी सभी सोलर आधारित पेयजल योजनाओं में सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**<u>सभी फर्मों एवं (TPI) & (DPMU) हेतु Common दिशा–निर्देश:–</u>**

> अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद अमरोहा के किसी एक ग्राम (जगुआ कलां) को हैण्डपम्प एवं समरसिबिल मुक्त करने हेतु अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

> सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद अमरोहा में सम्मिलित ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को एवं अवर जलाशय, कैम्पस डेवलपमेन्ट आदि कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर सम्बन्धित नगर पालिका को हस्तांतरित कराना सुनिश्चित करें।

> सभी फर्मों एवं अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को निर्देश दिये गये कि जनपद के सभी आगंनवाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक विद्यालयों, शौचालयो एवं सभी सरकारी संस्थानों पर गृह जल संयोजन/स्टैण्ड पोस्ट देते हुए प्रगति की ग्रामवार सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

> सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि सभी सार्वजनिक स्थलों पर कराये गये गृह जल संयोजन / स्टेण्ड पोस्ट की सूची उपलब्ध कराने एवं जिन सार्वजनिक स्थानों पर गृह जल संयोजन नही है उन पर शीघ्र गृह जल संयोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

> डी0पी0एम0यू0 अमरोहा को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पेयजल योजना पर गठित पानी समिति की सूची उपलब्ध कराते हुए अक्रियाशील पानी समिति को क्रियाशील कराने हेतु निर्देशित किया गया।

> मैसर्स आरवी एसोसिएट्स (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) टी.पी.आई अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी आगनबाड़ी केन्द्रो, सभी राजकीय भवनो एवं राजकीय संस्थानो में जांच कर सूची उपलब्ध कराये कि कितने राजकीय भवनो में पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है एवं कितने राजकीय भवन पेयजल से अवशेष हैं।

> आई0एस0ए0 एजेन्सी एवं डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि, ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विवाद को सम्बन्धित SDM से Coordinate कर समाप्त कराना, जल सखी, आई0एस0ए0 द्वारा पानी की गुणवत्ता ग्रामवासियों की उपस्थिति में चैक कराना, जल की गुणवत्ता एवं पानी के लाभों का प्रचार प्रसार तथा पानी के बचाव के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें।

> सभी फर्मो के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि जिन ग्रामो मे पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामो में लीकेज होती है तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत कराये एवं लीकेज ठीक करने का Minimum & Maximum समय का विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

> अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को निर्देशित किया गया कि प्रति माह पानी की टैस्टिंग रिपोर्ट का विश्लेषण करना सुनिश्चित करें।

> अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जल अर्पण कार्यक्रम के लिए माननीय सदस्य विधान सभा एवं विधान परिषद को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम सम्पन्न कराना सुनिश्चत करें।

> अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विकास खण्ड में 5–5 महिला पम्प ऑपरेटर को रखने हेतु जागरूक किया जाये एवं प्रशिक्षण दिया जाये।

Scanned with CamScanner

- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा एवं सम्बन्धित सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित /निर्माणाधीन ओ.एच.टी. का टैक्निकल /सेफ्टी ऑडिट किसी भी तकनीकी संस्थान से कराना सुनिश्चित करे। जिससे भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।
- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा एवं सम्बन्धित सभी फर्मों को सी0एम0 डैश बोर्ड की रैंक को 'ए' श्रेणी में लाने हेतु मै0 ओम इन्फ्रा को 200 नग FHTC प्रतिदिन (माह में 6000 नग FHTC) एवं मै0 PNC-SPML को 90 नग FHTC प्रतिदिन (माह में 2500 नग FHTC) करने हेतु निर्देशित किया गया।
- अधिशासी अभियन्ता, एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- माननीय प्रभारी मंत्री जी एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा एवं सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड अमरोहा के ग्राम मुकारी के सभी कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- श्री सर्वेश राय, फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–जेवी, मुरादाबाद एवं श्री सत्येन्द्र यादव, पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल –जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली दोनो फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि एस.पी.एम.एल की 08 योजनाओं एवं ओमिल की 12 योजनाओं को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि अपने से सम्बन्धित सभी योजनाओ की सड़कों को 100 प्रतिशत मोटरेबल कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि अपने से सम्बन्धित जो योजनायें पूर्ण हो गयी है उन ग्रामों के पम्प ऑपरेटर की सूची एवं शिकायत रजिस्ट्रर में दर्ज शिकायतों का विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
- डी0पी0एम0यू0 अमरोहा को निर्देशित किया गया कि जल नल मित्र/नल जल ऑकलन (MOM)/RPWSS कार्यो को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को निर्देशित किया गया कि जनपद की कोई दो योजनाओ का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी को कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
Nidhi Gupta Vats
Date: 25-02-2026
(निधि गुप्ता वत्स)
जिलाधिकारी,
अमरोहा

कार्यालय जिलाधिकारी अमरोहा

पत्रांकः– 754 / माध्यमिक / 20 दिनांक 25-02-2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
5–अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय (सिविल एवं वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अमरोहा एवं डी0सी0 अमरोहा/मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित जू0इ0, पी.एम, टी.पी.आई0 अमरोहा एवं डी0सी0 को गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने हेतु निर्देशित करें।
डीपीएमयू0 अमरोहा को गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने हेतु निर्देशित) जनपद अमरोहा।
6– समस्त कार्यदायी एजेन्सियां (जल जीवन मिशन से सम्बन्धित) जनपद अमरोहा।
7– समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी, जनपद अमरोहा।

(निधि गुप्ता वत्स)
जिलाधिकारी,
अमरोहा



Scanned with CamScanner